# Daily Current Affairs

Date : 20 August, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति, श्रीडूंगरगढ़ के वर्ष 2025 के पुरस्कार |
| 2. | कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को स्वीकृति |
| 3. | स्वामित्व योजना में राजस्थान |
| 4. | राजस्थान के स्कूली पाठ्यक्रम में ब्राह्मी लिपि |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. शहीद सार्जेंट सुरेंद्र मोगा<br>2. 'जैव-विविधता एवं संरक्षण': राज्य स्तरीय कार्यशाला<br>3. बाबा बंशीदास अस्पताल : सीकर<br>4. भारतीय रेलवे की एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर की राइफल शूटिंग रेंज<br>5. सुरक्षित सड़क मार्ग (सुसमा) अभियान<br>6. विभाजन विभीषिका गैलेरी : अजमेर<br>7. 12वां भारतीय औद्योगिक मेला : भिवाड़ी<br>8. कोडेवाला आउट पोस्ट (सीमा चौकी)<br>9. कामां उत्सव – 2025<br>10. 'नायिका' AI चैटबॉट : अर्श चौधरी |
| 6. | औंटा-सिमरिया परियोजना |
| 7. | खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2025 |
| 8. | भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 9. | चुनाव आयोग की 28 नई पहलें |
| 10. | सद्भावना दिवस 2025 (सांप्रदायिक सद्भाव दिवस) |
| 11. | उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार |
| 12. | रश्मिका सहगल |
| 13. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. दक्षिण-मध्य रेलवे : पांच प्रमुख विभाग महिलाओं के नेतृत्व |

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति, श्रीडूंगरगढ़ के वर्ष 2025 के पुरस्कार

➲ **चर्चा में क्यों?**




- हाल ही में, राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) ने वर्ष 2025 के लिए 'हिन्दी सृजन हेतु दिए जाने वाले राष्ट्रीय पुरस्कारों' की घोषणा की।

➲ **मुख्य बिन्दु :**

- ये पुरस्कार 14 सितम्बर (हिन्दी दिवस) के अवसर पर प्रदान किए जाएंगे।
- **मलाराम माली स्मृति साहित्यश्री सम्मान :** वर्ष 2025 का संस्था का सर्वोच्च सम्मान जोधपुर की प्रख्यात साहित्यकार डॉ. पद्मजा शर्मा को उनके समग्र साहित्यिक योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा।

**अन्य पुरस्कार:**

- **डॉ. नंदलाल महर्षि स्मृति हिन्दी सृजन पुरस्कार :** देवेन्द्र मिश्रा (मध्य प्रदेश), कृति: डस्ट और अन्य कहानियाँ (कथा संग्रह)
- **श्री शिवप्रसाद सिखवाल स्मृति महिला लेखन पुरस्कार :** संगीता सेठी (बीकानेर), कृति: तुम कब आओगे (कहानी संग्रह)
- **श्याम सुन्दर नागला स्मृति बाल साहित्य पुरस्कार :** डॉ. नागेश पाण्डेय (शाहजहाँपुर), कृति: नटखट बाल कहानियाँ (बाल कथा कृति)
- **पं. गोविंद वल्लभ पंत पुरस्कार :** कुमार सुरेश (भोपाल), कृति: संभवामि युगे युगे।
- **श्री चन्द्रमोहन हाड़ा हिमकर स्मृति उपन्यास लेखन पुरस्कार :** विश्वनाथ तंवर (सरदारशहर), कृति: तपस्या।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को स्वीकृति

## चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 19 अगस्त, 2025 को कोटा-बूंदी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की।



## मुख्य बिन्दु :

- **अनुमानित लागत :** ₹1507.00 करोड़।
- **प्रस्ताव :** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) द्वारा पेश किया गया।
- चंबल नदी के तट पर स्थित कोटा, राजस्थान की औद्योगिक राजधानी के रूप में जाना जाता है। साथ ही, कोटा भारत के शैक्षिक कोचिंग केंद्र के रूप में भी प्रसिद्ध है।
- राजस्थान सरकार ने A-321 प्रकार के विमानों के संचालन हेतु उपयुक्त ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के विकास हेतु AAI को 440.06 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरित की है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस परियोजना में 20,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैले एक टर्मिनल भवन का निर्माण शामिल है जो व्यस्ततम समय के दौरान (PHP) 1000 यात्रियों को हैंडल करने में सक्षम होगा और जिसकी वार्षिक क्षमता 2 मिलियन यात्री प्रति वर्ष होगी।
- मौजूदा कोटा हवाई अड्डा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) के स्वामित्व में ही है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स :**

**ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड के मध्य अंतर :**

| विवरण | ग्रीनफील्ड परियोजना | ब्राउनफील्ड परियोजना |
|---|---|---|
| परिभाषा | ऐसी परियोजना जिसे एक नए और अविकसित भूभाग पर शुरू किया जाता है। | ऐसी परियोजना जिसे पहले से विकसित या उपयोग किए गए भूभाग पर शुरू किया जाता है। |
| पर्यावरणीय प्रभाव | पर्यावरण पर अधिक प्रभाव, क्योंकि पूरी भूमि को विकसित करना पड़ता है। | पर्यावरणीय प्रभाव कम, क्योंकि पहले से विकसित भूमि पर काम किया जाता है। |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# स्वामित्व योजना में राजस्थान

## चर्चा में क्यों?

- **पंचायतीराज मंत्रालय की स्वामित्व योजना के तहत् राजस्थान में 35,955 गाँवों की डिजिटल मैपिंग पूर्ण हो चुकी है।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिन्दु :**


- **योजना के तहत् शीर्ष जिलों में जयपुर, झालावाड़, चित्तौड़गढ़ व नागौर आदि शामिल है। नए जिलों; जैसे - बालोतरा, ब्यावर और फलौदी आदि में सबसे कम गाँवों को डिजिटल मैप किया गया है।**
- **स्वामित्व योजना का पूरा नाम : सर्वे ऑफ विलेजेस आबादी एंड मैपिंग विद इम्प्रूवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरियाज।**
- **योजना का शुभारंभ : 24 अप्रैल, 2020 को पंचायतीराज दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा।**
- **उद्देश्य : ग्रामीण लोगों को अपनी आवासीय संपत्तियों का दस्तावेजीकरण करने का अधिकार प्रदान करना ताकि वे अपनी संपत्ति का उपयोग आर्थिक उद्देश्यों के लिए कर सकें।**
- **योजना का क्रियान्वयन : पंचायती राज विभाग, भारतीय सर्वेक्षण विभाग और राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से।**
- **योजना के तहत् भारतीय सर्वेक्षण विभाग ड्रोन के माध्यम से राज्य के सभी गाँवों के आबादी क्षेत्रों का डिजिटल मानचित्र तैयार कर संबंधित ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करता है।**
- **मानचित्र के आधार पर संबंधित ग्राम पंचायत राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1996 के प्रावधानों के तहत् संबंधित व्यक्ति को पट्टा जारी करेगी।**
- **राज्य में कुल 36,352 सर्वेक्षण योग्य गाँवों में से 35,955 गाँवों में ड्रोन सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है।**
- **राजस्थान आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार, सर्वे ऑफ इंडिया से प्राप्त मानचित्र के आधार पर 10,765 गाँवों में ड्रोन सर्वेक्षण के बाद 6,85,935 भूमि स्वामियों को स्वामित्व कार्ड के आधार पर पट्टे वितरित किए गए हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान के स्कूली पाठ्यक्रम में ब्राह्मी लिपि

## चर्चा में क्यों?

- **राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभाग ने स्कूलों में 7वीं कक्षा की संस्कृत पाठ्यपुस्तक में ब्राह्मी लिपि को शामिल किए जाने का निर्णय लिया है।**




## मुख्य बिन्दु :

- **इस लिपि का अध्ययन करने के बाद, विद्यार्थी कई प्राचीन ग्रंथों, पांडुलिपियों और शिलालेखों को पढ़ने और समझने में सक्षम होंगे।**
- **संस्कृत शिक्षा विभाग ने पाठ्यक्रम निर्माण समिति की सिफारिश पर यह कदम उठाया। समिति के अध्यक्ष प्रो. वाई. एस. रमेश के नेतृत्व में गहन अध्ययन और विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया।**
- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2025 को स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से 'ज्ञान भारतम् योजना' का उल्लेख किया था, जिसे आगे बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **नोट : राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्री-प्राइमरी कक्षाओं में भी बच्चों को संस्कृत पढ़ाने की योजना बनाई जा रही है। बच्चों को चित्रों के माध्यम से संस्कृत में नाम पढ़ाए जाएंगे। यह देश का पहला प्रयोग होगा जहाँ प्री-प्राइमरी कक्षाओं के लिए संस्कृत किताबें तैयार की गई हैं।**

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**ब्राह्मी लिपि:**

- **ब्राह्मी लिपि सिंधु लिपि के बाद भारत में विकसित सबसे प्रारंभिक लेखन प्रणाली है। यह सबसे प्रभावशाली लेखन प्रणालियों में से एक है; सभी आधुनिक भारतीय लिपियाँ और दक्षिण-पूर्व और पूर्वी एशिया में पाई जाने वाली कई लिपियाँ ब्राह्मी से ही उत्पन्न हुई हैं।**
- **ब्राह्मी लिपि के सबसे प्राचीन साक्ष्य मगध के तीसरे मौर्य सम्राट अशोक के शिलालेखों से प्राप्त होते हैं, जिन्होंने 268 से 232 ईसा पूर्व तक भारतीय उप-महाद्वीप के अधिकांश भाग पर शासन किया था।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **शहीद सार्जेंट सुरेंद्र मोगा**<br>♦ स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों को दिए जाने वाले वीरता पुरस्कारों (गैलेंट्री अवार्ड्स) को स्वीकृति प्रदान की।<br>♦ झुंझुनू जिले के मेहरादासी निवासी सार्जेंट सुरेंद्र मोगा (मरणोपरांत) को सर्वोच्च बलिदान के लिए को वायु सेना मेडल (गैलेंट्री) से सम्मानित किया जाएगा।<br>♦ सार्जेंट सुरेंद्र मोगा 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान 10 मई, 2025 को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर सेक्टर में पाकिस्तान के हवाई हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए और वीरगति को प्राप्त हुए। |
| 2. | **'जैव-विविधता एवं संरक्षण': राज्य स्तरीय कार्यशाला**<br>♦ 19 अगस्त, 2025 को रणबंका बालाजी ट्रस्ट एवं फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी की ओर से होटल रॉयल ऑर्किड, जयपुर में 'जैव-विविधता एवं संरक्षण' विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।<br>♦ इस कार्यशाला में "बटरफ्लाई मैन ऑफ उत्तराखंड" पीटर स्मेटासेक ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया।<br>♦ उद्देश्य : नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं एवं समुदाय को एक साथ लाकर पारिस्थितिकी तंत्र की चुनौतियों एवं संरक्षण उपायों पर संवाद स्थापित करना। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **3.** | **बाबा बंशीदास अस्पताल : सीकर**<br>♦ हाल ही में, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सीकर जिले के दांतारामगढ़ तहसील के सांगलिया में 100 बेड के बाबा बंशीदास अस्पताल का शिलान्यास किया। |
| **4.** | **भारतीय रेलवे की एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर की राइफल शूटिंग रेंज**<br>♦ 15 अगस्त, 2025 को अजमेर में भारतीय रेलवे की पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर की राइफल शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया गया।<br>♦ यह अत्याधुनिक सुविधा न केवल रेल कर्मचारियों के लिए बल्कि अजमेर ज़िले और समस्त राजस्थान के उभरते खिलाड़ियों के लिए एक महत्त्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करेगी। |
| **5.** | **सुरक्षित सड़क मार्ग (सुसमा) अभियान**<br>♦ सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान में सुरक्षित सड़क मार्ग (सुसमा) अभियान का आयोजन किया जा रहा है।<br>♦ सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए इस अभियान का आयोजन 9 अगस्त से 15 सितंबर, 2025 तक किया जाएगा।<br>♦ **मुख्य उद्देश्य :** चयनित शहरों में 7 किमी की शहरी सड़क को सुरक्षित सड़क मार्ग के रूप में विकसित करना। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 6. | **विभाजन विभीषिका गैलेरी : अजमेर**<br>♦ राजकीय संग्रहालय, अजमेर में ₹5 करोड़ की लागत से 'विभाजन विभीषिका गैलेरी' की स्थापना की जाएगी।<br>♦ प्रधानमंत्री ने वर्ष 2021 में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस (Partition Horrors Remembrance Day) के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। |
| 7. | **12वाँ भारतीय औद्योगिक मेला : भिवाड़ी**<br>♦ हाल ही में, लघु उद्योग भारती द्वारा भिवाड़ी में 12वें भारतीय औद्योगिक मेले का आयोजन किया गया। |
| 8. | **कोडेवाला आउट पोस्ट (सीमा चौकी)**<br>♦ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीकानेर में खाजूवाला के कोडेवाला आउट पोस्ट (सीमा चौकी) का दौरा किया। |
| 9. | **कामां उत्सव - 2025**<br>♦ हाल ही में, राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कामां (डीग) में दो दिवसीय कामां उत्सव का आयोजन किया गया।<br>♦ **आयोजन :** 16-17 अगस्त, 2025 |


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 10. 'नायिका' AI चैटबॉट : अर्श चौधरी

- महिलाओं को व्यवसाय शुरू करने और विस्तार करने में सहायता करने के लिए जयपुर निवासी 12वीं के छात्र अर्श चौधरी ने 'नायिका' नामक एक AI चैटबॉट विकसित किया है।
- यह चैटबॉट महिलाओं के लिए बैंक ऋण और सरकारी-निजी योजनाओं की जानकारी प्रदान करता है।
- अर्श चौधरी को राजस्थान आईटी दिवस 2025 में सरकार के त्वरण कार्यक्रम में शीर्ष-5 संस्थापकों में से एक के रूप में मान्यता दी गई।


Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## औंटा-सिमरिया परियोजना

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **22 अगस्त, 2025 को प्रधानमंत्री बिहार के गया में औंटा-सिमरिया परियोजना का उद्घाटन करेंगे।**



➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **इस परियोजना में गंगा नदी पर लगभग दो किलोमीटर लंबा पुल शामिल है, जो पटना जिले के मोकामा और बेगूसराय के बीच सीधा संपर्क प्रदान करेगा।**
- **यह पुल पुराने 2-लेन रेल-सह-सड़क पुल 'राजेंद्र सेतु' के समानांतर बनाया गया है।**
- **यह नया पुल उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के क्षेत्रों के बीच आने-जाने वाले भारी वाहनों के लिए अतिरिक्त यात्रा दूरी को 100 किलोमीटर तक कम कर देगा।**
- **परियोजना की आधारशिला : वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री द्वारा।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2025

## चर्चा में क्यों?

- 19 अगस्त, 2025 को राज्यसभा में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक, 2025 पारित किया गया।



## मुख्य बिन्दु :

- लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है।
- यह विधेयक खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 में और संशोधन करता हैं।
- **विधेयक पेश :** कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी।

### विधेयक के प्रमुख प्रावधान :

- पट्टाधारक मौजूदा पट्टे में अन्य खनिजों को शामिल करने के लिए राज्य सरकार को आवेदन कर सकते हैं, महत्त्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों, तथा अन्य निर्दिष्ट खनिजों को शामिल करने के लिए कोई अतिरिक्त राशि का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। इनमें लिथियम, ग्रेफाइट, निकल, कोबाल्ट, सोना और चांदी जैसे खनिज शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट :** यह अधिनियम देश में खनिज अन्वेषण के वित्तपोषण हेतु राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट की स्थापना करता है।
- **आर्थिक प्रोत्साहन :** यह विधेयक ट्रस्ट के दायरे का विस्तार करते हुए खानों और खनिजों के विकास के लिए भी धन मुहैया कराता है। अधिनियम के अंतर्गत, कैप्टिव खानों को अंतिम उपयोग की आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद, एक वर्ष में उत्पादित खनिजों का 50 प्रतिशत तक बेचने की अनुमति है।
- **बिक्री सीमा :** यह विधेयक खनिजों की बिक्री की सीमा को हटाता है।
- **प्राधिकरण की स्थापना :** यह विधेयक खनिज एक्सचेंजों के पंजीकरण और विनियमन हेतु एक प्राधिकरण की स्थापना का प्रावधान करता है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

- खदानों के पारदर्शी आवंटन से राज्यों को केंद्र से 6 लाख 85 हज़ार करोड़ रुपये मिले हैं।
- भारत दूसरा सबसे बड़ा कोयला उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा कोयला उपभोक्ता है।
- देश का कोयला उत्पादन पहली बार एक अरब टन को पार कर गया है।
- सरकार महत्त्वपूर्ण खनिजों की खोज के अंतर्गत 24 महत्त्वपूर्ण खनिजों की पहचान की है।

**राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन :**

- **आवंटन :** 32 हज़ार करोड़ रुपये ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025

## चर्चा में क्यों?

- 19 अगस्त, 2025 को लोकसभा ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित कर दिया है।



## मुख्य बिन्दु :

- **विधेयक पेश :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा।
- यह विधेयक भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम, 2017 में और संशोधन करेगा।
- **प्रावधान :** यह विधेयक असम के गुवाहाटी में भारतीय प्रबंधन संस्थान की स्थापना का प्रावधान करता है, साथ ही IIM गुवाहाटी के लिए 550 करोड़ रुपये का वित्तीय अनुदान आवंटित किया गया है।
- वर्तमान में देश में 21 IIM कार्यरत हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# चुनाव आयोग की 28 नई पहलें

➲ **चर्चा में क्यों?**

- भारत निर्वाचन आयोग ने पिछले छह माह के दौरान 28 महत्त्वपूर्ण पहल की हैं, जिनका उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को अधिक सुगम, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है।




➲ **मुख्य बिन्दु :**

| | | |
|---|---|---|
| A | सभी हितधारकों से संवाद | ○ **ERO, DEO और CEO द्वारा सर्वदलीय बैठकें:** देशभर में ईआरओ, डीईओ और सीईओ द्वारा कुल 4,719 सर्वदलीय बैठकें आयोजित की गईं। इनमें 40 बैठकें सीईओ, 800 बैठकें डीईओ और 3879 बैठकें ERO ने कीं। इन बैठकों में विभिन्न राजनीतिक दलों के 28,000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | |
|---|---|---|
| | | ○ **राजनीतिक दलों के शीर्ष नेतृत्व से बैठकें–** आयोग राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के अध्यक्षों एवं वरिष्ठ नेताओं से लगातार संवाद कर रहा है। अब तक 20 बैठकें आयोजित की चुकी हैं। |
| B | चुनावी प्रणाली को मज़बूत और शुद्ध करना | ○ **निष्क्रिय पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (RUPP) को सूची से हटाना –** 476 दलों की पहचान की गई, जिनमें से 334 दलों को पहले ही सूची से हटा दिया गया। |
| | | ○ **28 हितधारकों की भूमिकाओं की पहचान और भूमिकाओं का निर्धारण –** संविधान, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक पंजीकरण नियम 1960, चुनाव आचार नियम 1961 और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी विभिन्न निर्देशों और दिशानिर्देशों के अनुरूप भूमिकाओं का निर्धारण किया गया है। |
| | | ○ **BLO के लिए फोटो पहचान पत्र–** पारदर्शिता और सार्वजनिक विश्वास बढ़ाने के लिए बूथ स्तर के अधिकारियों (BLO) को मानक पहचान पत्र जारी किए गए। |
| | | ○ **EVM माइक्रोकंट्रोलर की जांच और सत्यापन –** परिणामों की घोषणा के बाद 5% ईवीएम में बर्न मेमोरी/माइक्रोकंट्रोलर की जाँच और सत्यापन के लिए तकनीकी और प्रशासनिक मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) जारी की गई। |
| | | ○ **कानूनी सलाहकारों और सीईओ की राष्ट्रीय सम्मेलन–** अपने कानूनी ढांचे को मजबूत करने और विभिन्न न्यायिक मंचों पर अपनी कानूनी प्रतिनिधित्व की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | |
|---|---|---|
| | | ○ **चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रमुखों से द्विपक्षीय बैठकें–** जून 2025 में आईडीईए स्टॉकहोम सम्मेलन के दौरान विभिन्न चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें की, ताकि चुनाव प्रबंधन और लोकतांत्रिक सहयोग में भारत की पुरानी साझेदारी को और मजबूत किया जा सके। |
| | | ○ **निष्क्रिय पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (RUPP) को सूची से हटाना –** 476 दलों की पहचान की गई, जिनमें से 334 दलों को पहले ही सूची से हटा दिया गया। |
| | | ○ **28 हितधारकों की भूमिकाओं की पहचान और भूमिकाओं का निर्धारण –** संविधान, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक पंजीकरण नियम 1960, चुनाव आचार नियम 1961 और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी विभिन्न निर्देशों और दिशानिर्देशों के अनुरूप भूमिकाओं का निर्धारण किया गया है। |
| | | ○ **BLO के लिए फोटो पहचान पत्र–** पारदर्शिता और सार्वजनिक विश्वास बढ़ाने के लिए बूथ स्तर के अधिकारियों (BLO) को मानक पहचान पत्र जारी किए गए। |
| | | ○ **EVM माइक्रोकंट्रोलर की जांच और सत्यापन –** परिणामों की घोषणा के बाद 5% ईवीएम में बर्न मेमोरी/माइक्रोकंट्रोलर की जाँच और सत्यापन के लिए तकनीकी और प्रशासनिक मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) जारी की गई। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | |
|---|---|---|
| | | ○ **कानूनी सलाहकारों और सीईओ की राष्ट्रीय सम्मेलन–** अपने कानूनी ढांचे को मजबूत करने और विभिन्न न्यायिक मंचों पर अपनी कानूनी प्रतिनिधित्व की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए। |
| C | प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग | ○ **एकल डिजिटल पोर्टल –** ईसीआईएनईटी– मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों और राजनीतिक दलों सहित अपने हितधारकों के लिए 40 से अधिक ऐप्स/वेबसाइटों को एक ही पोर्टल में शामिल किया गया। |
| | | ○ **मतदान केंद्रों पर 100% वेबकास्टिंग–** यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी कि महत्त्वपूर्ण गतिविधियां बिना किसी गड़बड़ी के सुचारू रूप से हों। |
| | | ○ **मतदाता उपस्थिति का रियल-टाइम अपडेट–** मतदान दिवस पर हर दो घंटे में पीठासीन अधिकारी ईसीआईएनईटी ऐप पर डेटा अपलोड करेंगे, ताकि मतदान रुझानों के अपडेट होने में लगने वाले समय को कम किया जा सके। |
| | | ○ **डिजिटल इंडेक्स कार्ड और रिपोर्ट्स–** सभी हितधारकों के लिए निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर चुनाव संबंधी डेटा की पहुंच को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली। |
| | | ○ **वीवीपैट (VVPAT) का अनिवार्य मिलान–** फॉर्म 17सी और ईवीएम डेटा के बीच गलत मिलान के हर मामले में और जहां मॉक पोल डेटा गलती से मिटाया नहीं गया था, वहां वीवीपैट पर्ची की गिनती। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | |
|---|---|---|
| | | ○ **एकल डिजिटल पोर्टल – ईसीआईएनईटी– मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों और राजनीतिक दलों सहित अपने हितधारकों के लिए 40 से अधिक ऐप्स/वेबसाइटों को एक ही पोर्टल में शामिल किया गया।** |
| | | ○ **मतदान केंद्रों पर 100% वेबकास्टिंग– यह सुनिश्चित करने के लिए निगरानी कि महत्त्वपूर्ण गतिविधियां बिना किसी गड़बड़ी के सुचारू रूप से हों।** |
| **D** | **मतदाता सूची की शुद्धता** | ○ **बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण– बिहार में मतदाता सूची को शुद्ध किया गया ताकि कोई भी योग्य मतदाता न छूटे और कोई भी अयोग्य नाम न रहे।** |
| | | ○ **उपचुनाव से पहले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण– लगभग दो दशकों में पहली बार 4 राज्यों में हाल ही में संपन्न उपचुनावों से पहले मतदाता सूचियों को संशोधित किया गया।** |
| | | ○ **मृत्यु पंजीकरण डेटा को जोड़ना- यह सुनिश्चित करने के लिए कि ईआरओ को पंजीकृत मौतों के बारे में समय पर जानकारी मिले। यह बीएलओ को फॉर्म 7 के तहत् औपचारिक अनुरोध की प्रतीक्षा किए बिना, क्षेत्र के दौरे के माध्यम से जानकारी को फिर से सत्यापित करने में भी सक्षम करेगा।** |
| | | ○ **विशिष्ट EPIC नंबर– अलग-अलग व्यक्तियों को एक ही नंबर आवंटित।** |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | |
|---|---|---|
| | | ○ **बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण–** बिहार में मतदाता सूची को शुद्ध किया गया ताकि कोई भी योग्य मतदाता न छूटे और कोई भी अयोग्य नाम न रहे। |
| | | ○ **उपचुनाव से पहले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–** लगभग दो दशकों में पहली बार 4 राज्यों में हाल ही में संपन्न उपचुनावों से पहले मतदाता सूचियों को संशोधित किया गया। |
| E | मतदान की सहजता | ○ **मोबाइल जमा सुविधा–** मतदाताओं द्वारा मोबाइल फोन जमा करने के लिए मतदान केंद्रों के ठीक बाहर काउंटर शुरू किए गए हैं। |
| | | ○ **प्रत्येक मतदान केंद्र पर 1200 मतदाताओं की सीमा–** भीड़ कम करना, कतारों को छोटा करना और ऊंची-ऊंची आवासीय कॉलोनियों और सोसाइटियों में अतिरिक्त बूथ सुनिश्चित करना। |
| | | ○ **स्पष्ट मतदाता सूचना पर्ची –** मतदाताओं के आसान सत्यापन के लिए सीरियल और भाग संख्या प्रमुखता से प्रदर्शित की गई। |
| | | ○ **मोबाइल जमा सुविधा–** मतदाताओं द्वारा मोबाइल फोन जमा करने के लिए मतदान केंद्रों के ठीक बाहर काउंटर शुरू किए गए हैं। |
| | | ○ **मतदान केंद्र के 100 मीटर के ठीक बाहर उम्मीदवार बूथ की अनुमति:** मतदान के दिन उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को अनौपचारिक पहचान पर्ची जारी करने के लिए बूथ स्थापित किए जा सकते हैं, यदि मतदाता आयोग द्वारा जारी अपनी आधिकारिक मतदाता सूचना पर्ची नहीं ले जा रहे हैं, तो किसी भी मतदान केंद्र के 100 मीटर से ठीक परे स्थापित किए जा सकते हैं। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | |
|---|---|---|
| F | क्षमता निर्माण | ○ **IIIDEM में प्रशिक्षण का विस्तार–** IIIDEM, नई दिल्ली में 7,000 से अधिक बीएलओ और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। |
| | | ○ **अधिकारियों के पारिश्रमिक में वृद्धि -** बीएलओ के लिए पारिश्रमिक दोगुना किया गया, बीएलओ पर्यवेक्षकों और मतदान/मतगणना कर्मचारियों, सीएपीएफ, निगरानी टीमों और सूक्ष्म-पर्यवेक्षकों के लिए भी पारिश्रमिक बढ़ाया गया। |
| | | ○ **राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ स्तर के एजेंटों (BLA) का प्रशिक्षण-** बिहार, तमिलनाडु और पुदुचेरी के बीएलए को RP अधिनियम 1950 के तहत् अपील प्रावधान के उपयोग सहित मतदाता सूचियों को तैयार करने की प्रक्रिया का समर्थन करने के विभिन्न पहलुओं में प्रशिक्षित किया गया। |
| | | ○ **मीडिया और संचार अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण-** चुनाव से संबंधित सार्वजनिक संचार में सुधार के लिए राज्य-स्तरीय अधिकारियों का ओरिएंटेशन। |
| | | ○ **पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण-** चुनावों के दौरान कानून-व्यवस्था की तैयारी को मजबूत करने के लिए बिहार पुलिस के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। |
| | | ○ **आंतरिक प्रणालियों को मजबूत करना-** दक्षता और संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति, ई-ऑफिस माइग्रेशन और IIIDEM में स्थानांतरण। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | | |
|---|---|---|
| | | ○ **IIIDEM में प्रशिक्षण का विस्तार–** IIIDEM, नई दिल्ली में 7,000 से अधिक बीएलओ और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। |
| | | ○ **अधिकारियों के पारिश्रमिक में वृद्धि -** बीएलओ के लिए पारिश्रमिक दोगुना किया गया, बीएलओ पर्यवेक्षकों और मतदान/मतगणना कर्मचारियों, सीएपीएफ, निगरानी टीमों और सूक्ष्म-पर्यवेक्षकों के लिए भी पारिश्रमिक बढ़ाया गया। |
| | | ○ **राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ स्तर के एजेंटों (BLA) का प्रशिक्षण-** बिहार, तमिलनाडु और पुदुचेरी के बीएलए को RP अधिनियम 1950 के तहत् अपील प्रावधान के उपयोग सहित मतदाता सूचियों को तैयार करने की प्रक्रिया का समर्थन करने के विभिन्न पहलुओं में प्रशिक्षित किया गया। |
| | | ○ **मीडिया और संचार अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण-** चुनाव से संबंधित सार्वजनिक संचार में सुधार के लिए राज्य-स्तरीय अधिकारियों का ओरिएंटेशन। |
| | | ○ **पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण-** चुनावों के दौरान कानून-व्यवस्था की तैयारी को मजबूत करने के लिए बिहार पुलिस के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए। |
| | | ○ **आंतरिक प्रणालियों को मजबूत करना-** दक्षता और संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति, ई-ऑफिस माइग्रेशन और IIIDEM में स्थानांतरण। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## महत्त्वपूर्ण दिवस

### सद्भावना दिवस 2025 (सांप्रदायिक सद्भाव दिवस)

➲ **चर्चा में क्यों?**

■ भारत में प्रति वर्ष 20 अगस्त को विभिन्न धर्मों और समुदायों के बीच शांति, एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सद्भावना दिवस मनाया जाता हैं।




➲ **मुख्य बिन्दु:**

■ **उद्देश्य :** विभिन्न धार्मिक, जातीय और सांस्कृतिक समुदायों के बीच शांति और समझ विकसित करना और साथ ही समावेशीता, धर्मनिरपेक्षता, सहिष्णुता और आपसी सम्मान को प्रोत्साहित करना।

■ सद्भावना दिवस भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **शुरुआत : 20 अगस्त, 1992 से।**
- **पहली बार आयोजन : सद्भावना दिवस पहली बार वर्ष 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद वर्ष 1992 में मनाया गया था।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

**राजीव गांधी :**

- **भारत के छठे और सबसे युवा प्रधानमंत्री।**
- **कार्यकाल : वर्ष 1984 से 1989 तक प्रधानमंत्री पद पर रहे।**
- **योगदान : राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986), 73वें और 74वें संशोधन के माध्यम से पंचायती राज की मजबूती, क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा दिया (जैसे, सार्क) तथा युवा केंद्रित राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान की स्थापना।**
- **राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार : वर्ष 2024 में तेलंगाना विधानसभा के पूर्व सदस्य गीता रेड्डी को प्रदान किया गया था।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजव्यवस्था

## उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार


### ➲ चर्चा में क्यों?

- **पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई, 2025 को अपने पद से त्याग-पत्र देने के बाद हाल ही में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया, वहीं विपक्ष (I.N.D.I.A.) ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया।**

### ➲ मुख्य बिन्दु:

- **9 सितंबर, 2025 को उपराष्ट्रपति पद के लिए मत डाले जाएंगे।**
- **संविधान के अनुच्छेद 66 के अनुसार, उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के सदस्यों से मिलकर बने निर्वाचक मंडल के सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार एकल संक्रमणीय मत के माध्यम से किया जाता है।**
- **इस प्रक्रिया में मतदाता वरीयता क्रम में उम्मीदवारों का चयन करते हैं।**
- **भारतीय निर्वाचन आयोग ने आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राज्यसभा के महासचिव को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। यह निर्णय स्थापित परंपरा के अनुसार लिया गया है, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के महासचिवों के बीच बारी-बारी से भूमिकाएँ निभाई जाती हैं।**
- **ये नियुक्तियाँ राष्ट्रपति एवं उप-राष्ट्रपति चुनाव अधिनियम, 1952 की धारा 3 के अंतर्गत, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के परामर्श से तथा राज्य सभा के उप-सभापति की सहमति से की गईं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| प्रत्याशी का नाम | सी.पी. राधाकृष्णन | जस्टिस सुदर्शन बी. रेड्डी |
|---|---|---|
| छायाचित्र |  |  |
| पेशा | वरिष्ठ राजनीतिज्ञ | दिग्गज न्यायविद् |
| जन्म | 20 अक्टूबर, 1957, तिरुपुर, तमिलनाडु। | 8 जुलाई, 1946, रंगारेड्डी, आंध्र (अब तेलंगाना) |
| शिक्षा | वीओ चिदंबरम कॉलेज, थूथुकुडी से बीबीए की डिग्री ली। | उस्मानिया यूनिवर्सिटी, हैदराबाद से एलएलबी। |
| करियर | 17 वर्ष की उम्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (RSS) से जुड़े और वर्ष 1974 में जनसंघ से जुड़े।<br>भाजपा के टिकट पर वर्ष 1998, 1999 में कोयंबटूर से सांसद बने।<br>वर्ष 2004 से 2007 तक तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष रहे।<br>वर्ष 2020-22 तक केरल भाजपा के प्रभारी बनाए गए।<br>वर्ष 2023-24 में झारखंड के राज्यपाल रहे। पुडुचेरी, तेलंगाना के प्रभारी। | 27 दिसंबर, 1971 से वकालत शुरू। वर्ष 1995 में आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के जज।<br>वर्ष 2005 में गुवाहाटी हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बने।<br>वर्ष 2007 से 2011 तक सर्वोच्च न्यायालय के जज रहे।<br>कालेधन पर SIT बनाने का फैसला।<br>छत्तीसगढ़ के सलवा जुडूम को अवैधानिक ठहराया।<br>जस्टिस सौमित्र सेन पर आरोपों की जाँच की। |
| वर्तमान पद | वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। | वर्तमान में हैदराबाद स्थित इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन एंड मेडिएशन सेंटर के ट्रस्टी बोर्ड में। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## खेल परिदृश्य

### रश्मिका सहगल

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **कज़ाकिस्तान के श्यामकेंट में जारी 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में रश्मिका सहगल ने स्वर्ण पदक जीता, जो भारत का तीसरा व्यक्तिगत पीला पदक है।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **रश्मिका ने 241.9 के प्रभावशाली स्कोर के साथ जूनियर महिला एयर पिस्टल का ख़िताब जीता, जो रजत विजेता कोरियाई हान सेउंगह्युन से 4.3 अंक आगे था।**
- **रश्मिका (क्वालीफिकेशन स्कोर 582) के लिए यह दोहरी खुशी का मौका रहा, क्योंकि उन्होंने वंशिका चौधरी (573) और मोहिनी सिंह (565) के साथ मिलकर इस स्पर्धा का टीम स्वर्ण पदक जीता**

**अन्य बिंदु :**

- **इससे पूर्व, दो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल करते हुए एक और व्यक्तिगत अंतरराष्ट्रीय पदक जीता।**
- **भारत का अब तक का प्रदर्शन : पाँच स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **दक्षिण-मध्य रेलवे : पांच प्रमुख विभाग महिलाओं के नेतृत्व**<br><br>♦ दक्षिण-मध्य रेलवे (NCR) के इतिहास में पहली बार, इसके पाँच सबसे महत्त्वपूर्ण विभागों, संचालन, वाणिज्यिक, वित्त, सुरक्षा और चिकित्सा, का नेतृत्व वर्तमान में महिला अधिकारी कर रही हैं।<br>♦ यह विभाग, सुचारू रेल संचालन, यात्री सुरक्षा, वित्तीय अनुशासन और स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR